4. निर्माण कार्य:-

वर्तमान में जाति की जनसंख्या बढ़ जाने से तथा नोहरे में पर्याप्त सुविधाएँ न होने से इसमें काफी निर्माण कार्य करने की आवश्यकता थी। जिससे यह अधिक उपयोगी बन सके।

पूर्व में श्री माधूलाल जी दशोरा (बेठूम्बी) ने इसमें एक टंकी का निर्माण कराया था तथा कुछ व्यक्तियों ने इसमें बिजली फिटिंग व पंखें लगाये।

(नई नाल के निर्माण के कारण इस टंकी को भाई भगवान् की सहमति से तोड़ दी गई।)

वर्तमान में श्री मोहनलाल जी दशोरा जयश्री कॉलोनी ने एक टंकी का निर्माण कराया। श्री मोहन शंकर जी दशोरा (जयपुर) ने नई नाल का निर्माण कराया, श्री घनश्याम जी दशोरा (अम्बामाता) ने दरवाजे के किवाड़ बनवाये। श्री नन्द लाल जी दशोरा (नवरत्न कॉम्पलेक्स) ने टूंटियों के नीचे सिंक बनवाया।

इनके अलावा समाज के चन्दे से इसमें एक ट्यूब वैल बोर कराया, नल फिटिंग कराया, ऊपर टंकी, बाथ रूप व फलश लेट्रीन बनवाई गई।

वर्तमान कार्यकारिणी ने इसमें कुछ महत्वपूर्ण कार्य करवाये, जिसमें ऊपर की मंजिल में चोक को कवर करके छत का विस्तार किया गया, नाल नई बनवाई गई तथा अन्य कमरों को सुविधा युक्त बनाया गया व चोक में फर्श नई बनाई गई।

बरामदे की सीढ़ियाँ नई बनाई गई, मुख्य द्वार पर सीढ़ियाँ बनवा कर रेलिंग लगाई गई। श्री पुरूषोत्तम लाल जी दशोरा (देलवाड़ा) ने छत पर दोनों टॉयलेट में नये डब्ल्यू. सी. लगवाये।

इस समय चोक में 8 पंखें विभिन्न व्यक्तियों ने लगवाये, श्री घनश्याम जी ने दो लोहें के टेबल तथा श्री कृष्ण मोहन जी (डूँगरपुर) ने 10 कुर्सियाँ भेंट की। अन्य सभी कार्य समाज द्वारा दिये गये चन्दे से हुआ। इन सबसे यह नोहरा सर्व सुविधा युक्त हो गया।

5. सहयोग राशि:-

नोहरे के जीर्णोद्वार तथा निर्माण का सम्पूर्ण कार्य समाज के सहयोग से किया गया। प्रत्येक परिवार से 1100/- रूपया की सहयोग राशि प्राप्त हुई तथा कई महानुभवों ने 5000/- या इससे अधिक का सहयोग दिया जिनमें

1.	श्री तारू लाल जी दशोरा, जयपुर	12,000/-
2.	स्व. श्री भाई भगवान, उदयपुर	11,000/-
3.	श्री देवी शंकर जी दशोरा, भीलवाड़ा	11,000/-
4.	श्रीमती चन्द्रनाथ जी दशोरा, उदयपुर	11,000/-
5.	श्रीमती शारदा जी दशोरा(पोटे),उदयपुर	11,000/-
6.	श्रीमती यशवन्त कुंवर दशोरा, उदयपुर	11,000/
7.	श्री कन्हैयालाल जी दशोरा,(अशोक नगर) उदयपुर	5,000/-